महत्वपूर्ण/तत्काल

संख्या-28/889/84-डे0ई0-13-नि0-53/06टी0सी0

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 15 अक्टूबर, 2013

विषय:- श्री लक्ष्मीकान्त द्विवेदी, प्रबन्धक, राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के विरूद्ध पारित दण्डादेश दि0 02-04-08 पर की गयी अपील दिनांक 22-4-08 के निस्तारण के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-258स्था0एस0/बत्तीस-2013, दिनांक 03 अक्टूबर, 2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आप द्वारा अपने उक्त सन्दर्भित पत्र दिनांक 03 अक्टूबर, 2013 के साथ निदेशक मण्डल की बैठक दिनांक 27-6-12 में प्रमुख सचिव, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 शासन को सक्षम अपीलीय प्राधिकारी अधिकृत किये जाने संबंधी लिये गये निर्णय की प्रति तथा निगम की उपसमिति को अपीलीय स्तर पर सुनवाई हेतु अधिकार प्रदत्त किये जाने से संबंधित पत्रावली के उद्धरण की प्रति संलग्न कर उपलब्ध करायी गयी है, परन्तु शासन के पत्र संख्या-05/753/84-डे0ई0-13-नि0-53/06 टी0सी0 दिनांक 26-09-13 में उल्लिखित बिन्दुओं के अनुरूप वांछित सूचना/अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। अत: अनुरोध है कि कृपया प्रकरण के संबंध में मांगी गयी वाँछित सूचनायें/अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियाँ शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके ।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in